गणपति राखो मेरी लाज | by Pt. Anand Sharma

गणपति राखो मेरी लाज
गणपति राखो मेरी लाज
पूरण करियो मेरे काज
गणपति राखो मेरी लाज

सदा रहो खुशहाल, गणपतीलाल
जो प्रथम तुम्हे ध्याये
रिद्धि सिद्धि के दाता भाग्य विधाता
हो सब कुछ तुझसे पाएं
विनती सुनलो मेरी आज
विनती सुनलो मेरी आज
गणपति राखो मेरी लाज

जिसके सिर पे हाथ हो तेरा नाथ
उसे फिर कैसा डर है
जपे जो तेरा नाम सुबह और शाम
तो उसका नाम अमर है
सब देवों के तुम सरताज
सब देवों के तुम सरताज
गणपति राखो मेरी लाज

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%96%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c-by-pt-anand-sharma/